make food
affordable for
everyone /
إجعل طعام
بأسعار معقولة
لكل أشخاص /
在公园和公交
上的长椅上放
置毛绒座 / put
plush seats
on park and
bus benches
/ idøm folk,
der smider
affald fra sig, en bøde /
לבנות שירותים ציבוריים נקיים /
มีโครงการศิลปินพานักในสวน
สาธารณะทุกแห่ง / werk en
woon
in de-
zelfde
gemeen-
schap /
create more
comfortable
shelters for
the homeless
population /
tocar música clásica
en el metro / فواره های
بیشتری نصب کنید /
hupen durch Gesetze un-
terbinden /
parlez avec
l'étranger à
côté de vous /
छतबगीचों द्वारा
बाररश के पानी
को जमा करना /
Avere più
eventi artistici
gratuiti per
tutti / 歩行者用
の通りと自転
車専用道路
を、全部道路
より高く建設
する / plant
fruit-bearing
trees at street
level / altyapı
sistemlerini
tamamen ye-
niden tasar-
layarak /
ṣẹ̀dá bọ́sì tí
àwọn èrò ọkọ̀
ṣàtọ́kùn rẹ̀ /
रस्त्याच्या काठे
ला फळझाडे
लावणे / create
buses that
are powered
by the pas-
senger /
ustawmy
wokół miasta
więcej kosz-
ów na re-
cyklizację /
criar arte pú-
blica em áreas
negligenciadas /
给无家可归的人提
供更多的庇护
所 / расши-
рить пеше-
ходные зоны /
dùng kỹ thuật
để tạo ra các
dạng thức mới về
sự cam kết
của công dân
/ build under-
ground instead of
above ground /
뜻밖의 장소에 작은
쉼터를 만들자

**BMW**
GUGGENHEIM
LAB

**Advisory Committee**
Daniel Barenboim
Elizabeth Diller
Nicholas Humphrey
Muchadeyi Ashton Masunda
Enrique Peñalosa
Juliet Schor
Rirkrit Tiravanija
Geetam Tiwari
Wang Shi

**News Release**

# पार्टिसिपेटरी सिटी : 100 अर्बन ट्रेंड्स फ्रॉम बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब, अक्टूबर में गूगेनहाइम म्यूजियम, न्यूयॉर्क में खुलेंगे

**प्रदर्शनी ने बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब के मुख्य विषयों एवं विचारों का परीक्षण किया**

**प्रदर्शनी : पार्टिसिपेटरी सिटी : 100 अर्बन ट्रेंड्स फ्रॉम बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब**
**स्थान : सोलोमन आर. गूगेनहाइम म्यूजियम, 1071, पांचवा एवेन्यू, न्यूयॉर्क**
**लोकेशन : एनेक्स लेवल 2**
**तिथि : 11 अक्टूबर 2013 से 5 जनवरी 2014**
**प्रेस प्रिव्यू : गुरूवार, 10 अक्टूबर, 2013, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक**

**न्यूयॉर्क, 2 जुलाई, 2013 :** शहरी जीवन की तलाश में जुटे गतिशील थिंकटैंक बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब ने शहरी डिजाइन के लिये खोजपरक विचार प्रस्तुत करने और शहरों के विषय में सोचने के नये तरीके के लिये वर्ष 2011 से 2013 के बीच न्यूयॉर्क, बर्लिन और मुंबई में यात्रा की। इन दो वर्षों में वैश्विक यात्रा के दौरान मिले मुख्य विषयों एवं विचारों को संकलित करके गूगेनहाइम म्यूजियम 11 अक्टूबर 2013 से 5 जनवरी 2014 तक पार्टिसिपेटरी सिटी : 100 अर्बन ट्रेंड्स फ्रॉम बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब की प्रदर्शनी आयोजित करेगा।

सोलोमन आर.गूगेनहाइम म्यूजियम एवं फाउंडेशन के निदेशक, रिचर्ड आर्मस्ट्रांग ने कहा, ''गूगेनहाइम को बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब की इस आसाधारण उपलब्धि और इसके द्वारा पेश किये गये विभिन्न विचारों एवं संवादों पर गर्व है। बीएमडब्लू ग्रुप के समर्थन एवं सहयोग की बदौलत लैब ने हमें हमारी सीमाओं से परे जाकर और शहरों को समझने का अवसर दिया, जिससे शहरी जीवन के विषय में व्यापक एवं जारी वार्ता को बढ़ावा मिला। इसने ऑन–साइट एवं ऑनलाइन हजारों उत्साही भागीदारों को आकर्षित किया। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा आदर्श प्रोजेक्ट के रूप में पहचान मिली है। न्यूयॉर्क स्थित गूगेनहाइम में इस विशेष प्रदर्शनी के साथ हम

**Solomon R.**
**Guggenheim Foundation**
345 Hudson Street, 12th floor
New York, NY 10014
Phone +1 212 423 3500

bmwguggenheimlab.org

समूचे विश्व के भागीदारों से मिले नये ज्ञान एवं लैब के अध्ययन का उत्सव मनायेंगे।''

प्रतिभागी शहरों में **100 अर्बन ट्रेंड्सः ए ग्लॉसरी ऑफ आइडियाज फ्रॉम बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब** के न्यूयॉर्क, बर्लिन और मुंबई संस्करण में प्रकाशित 100 प्रमुख ट्रेंड्स शामिल हैं। वास्तुकारों, शिक्षकों, डिजाइनरों और कलाकारों के साथ–साथ लैब प्रोग्राम एवं प्रोजेक्ट्स की वैश्विक सूची से प्राप्त योगदान द्वारा प्रत्येक ट्रेंड की सचित्र व्याख्या की गयी है। प्रदर्शनी ड्राइंग, स्केचेज, लघु विडियो अथवा अनुवाद के माध्यम से विशिष्ट रूप से इन ट्रेंड्स को डिजिटल इंस्टॉलेशन में प्रस्तुत करेगी।

मारिया निकानॉर, बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब की क्यूरेटर एवं एसोसिएट क्यूरेटर, आर्किटेक्चर ने कहा, ''यह प्रदर्शनी शहरों के लिये खोजपरक झलक प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त, न्यूयॉर्क, बर्लिन और मुंबई में सामने आये विचारों के आधार पर सार्वजनिक स्थान के इस्तेमाल पर प्रकाश डालती है। हम उभरती एवं स्थापित प्रतिभाओं से प्राप्त नये परिदृश्यों को रेखांकित करने के लिये बहुत उत्साहित हैं। यह सभी प्रतिभायें समूचे विश्व में शहरी परिवेश के विषय में दोबारा सोचकर उन्हें नया आकार प्रदान कर रही हैं। इस प्रस्तुतीकरण के साथ लैब ने फिर से न्यूयॉर्क वापसी की है, ऐसे में हमें उम्मीद है कि शहर कैसे हैं और कैसे हो सकते हैं, इससे संबंधित वैश्विक संवाद में लोगों का जुड़ाव बढ़ेगा।''

**पार्टिसिपेटरी सिटी** (प्रतिभागी शहरों) में लैब के वास्तुकार, ग्राफिक डिजाइनर्स, लैब टीम के सदस्य और चुनिंदा भागीदारों को भी प्रस्तुत किया जायेगा, जिन्होंने तीन महाद्वीपों में लैब को जीवंत बनाने में मदद की।

प्रदर्शनी में सार्वजनिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी पेश की जायेगी जिसमें वास्तुकला, शहरीकरण पर बात की जायेगी। साथ ही शहरों और सार्वजनिक स्थानों के साथ लोगों के संवाद के तरीकों पर भी जोर दिया जायेगा।

मौजूदा समय में, न्यूयॉर्क, बर्लिन और मुंबई लैब से मिले चुनिंदा शहरी ट्रेंड्स पर लेखों की श्रृंखला Lab | Log, और बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब के ब्लॉग पर उपलब्ध है।

बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब का वैश्विक कार्यक्रम प्रदर्शनी की समाप्ति के साथ ही खत्म हो जायेगा।

## बीएमडब्ल्यू गूगेनहाइम लैब के विषय में

बीएमडब्ल्यू गूगेनहाइम लैब सोलोमन आर. गूगेनहाइम फाउंडेशन और बीएमडब्ल्यू समूह की संयुक्त पहल है। बीएमडब्लू गूगेनहाइम लैब सबसे पहले न्यूयॉर्क (3 अगस्त–16 अक्टूबर 2011) में लॉन्च की गई थी। इसका मुख्य ध्यान कॉन्फ्रंटिंग कम्फर्ट के विषय पर केन्द्रित था। इसके बाद यह बर्लिन (15 जून से 29 जुलाई, 2012) गयी, जहां ''मेकिंग'' विषय के साथ शहरों को आकार देने में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। इसके बाद यह मुंबई में विभिन्न जगहों पर (9 दिसंबर 2012 से 20 जनवरी, 2013) इसका शुभारंभ किया गया था। यहां

**Solomon R.**
**Guggenheim Foundation**
345 Hudson Street, 12th floor
New York, NY 10014
Phone +1 212 423 3500

bmwguggenheimlab.org

‘‘निजी’’ एवं सार्वजनिक स्थानों की अवधारणाओं को तलाशने के लिये परियोजनायें एवं कार्यक्रम चलाये गये। लैब के 500 से अधिक सार्वजनिक कार्यक्रमों, वर्कशॉप्स, लेक्चर्स, और शोध एवं शहरी प्रोजेक्ट्स में दुनिया भर के 160 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों से भागीदारों ने ऑन–साइट एवं ऑनलाइन हिस्सा लिया। सोलोमन आर. गूगेनहाइम म्यूजियम की मारिया निकानॉर बीएमडब्ल्यू गूगेनहाइम लैब की क्यूरेटर हैं।

**सोलोमन आर. गूगेनहाइम फाउंडेशन के विषय में :**

सोलोमन आर. गूगेनहाइम फाउंडेशन की स्थापना वर्ष 1937 में हुई। यह विभिन्न प्रदर्शनियों, शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान अभियानों और प्रकाशनों के द्वारा खासकर आधुनिक और समकालीन कला की समझ और परख को बढ़ावा देने का कार्य करता है। वर्ष 1970 के दशक में पेज्जी गूगेनहाइम कलेक्शन, वेनिस के सहयोग से सोलोमन आर. गूगेनहाइम म्युजियम, न्यूयॉर्क ने अपना विश्वव्यापी नेटवर्क खड़ा किया और आज इसका विस्तार गूगेनहाइम म्यूजियम बिल्बाओ, जिसका शुभारंभ 1997 में हुआ के रूप में हो चुका है और अभी गूगेनहाइम अबू धाबी का निर्माण–कार्य चल रहा है। गूगेनहाइम फाउंडेशन द्वारा भविष्य में समसामयिक कला, वास्तुशिल्प और डिजाइन को संग्रहालयों के दायरे के बाहर आम लोगों तक पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों का प्रयास किया जा रहा है। फाउंडेशन का विस्तृत परिचय guggenheim.org पर उपलब्ध है।

**विजिटर सूचना**

भर्तीः वयस्क के लिये 22 डॉलर, विद्यार्थी/वरिष्ठ (65+), सदस्य एवं 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिये निशुल्क। भर्ती के साथ अथवा निजी डिवाइस पर डाउनलोड के जरिये उपलब्ध। गूगेनहाइम का नया, मुफ्त ऐप परिष्कृत विजिटर अनुभव की पेशकश करता है। ऐप में विशेष प्रदर्शनी का कंटेंट उपलब्ध। गूगेनहाइम के स्थायी कलेक्शन में 1,200 से अधिक कार्यों तक पहुंच तथा एवं म्यूजियम की ऐतिहासिक बिल्डिंग के विषय में सूचना। नेत्रहीन एवं कमजोर नजर वाले विजिटरों के लिये चुनिंदा प्रदर्शनियों के लिये मौखिक इमेजिंग गाइड्स भी शामिल।

**म्यूजियम का समय** : रविवार से बुधवार, सुबह 10 बजे से शाम 5.45 बजे। शनिवार सुबह 10 बजे से रात 7.45 बजे तक। गुरूवार बंद। शनिवार को शाम 5.45 बजे म्यूजियम के मेजबान आपकी तमन्ना को पूरा करते हैं। आम सूचना के लिये कृपया **212 423 3500** पर कॉल करें अथवा निम्न पते पर ऑनलाइन देखें –
**guggenheim.org**
**twitter.com/guggenheim**
**facebook.com/guggenheimmuseum**
**youtube.com/guggenheim**
**flickr.com/guggenheim_museum**
**instagram.com/guggenheim**

**Solomon R.**
**Guggenheim Foundation**
345 Hudson Street, 12th floor
New York, NY 10014
Phone +1 212 423 3500

bmwguggenheimlab.org

पब्लिसिटी इमेज के लिए देखें guggenheim.org/pressimages
यूजर आईडी – photoservice
पासवर्ड – presspass
2 जुलाई, 2013
#1305/BGL30

**अतिरिक्त सूचना के लिये :**
**लॉरेन वैन नैटेन, एसोसिएट डायरेक्टर, मीडिया एंड पब्लिक रिलेशंस**
**सोलोमन आर. गूगेनहाइम म्युजियम**
212 423 3840
pressoffice@guggenheim.org

**बीएमडब्लू संबंधित पूछताछ के लिये :**
एल्मट स्टॉलबर्ग, स्पोक्सपर्सन कल्चरल एंगेजमेंट
बीएमडब्लू ग्रुप कॉर्पोरेट एवं गवर्नमेंट अफेयर्स
+49 89 382 38770 / almut.stollberg@bmw.de